भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1072

03.12.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

पासपोर्ट सेवा केंद्र

1072. श्री कृपाल बालाजी तुमाने:

श्री ओम पवन राजेनिंबालकरः

श्री संजय जाधवः

श्री रामदास तडसः

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र में कार्यशील पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीएसके) का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने तीसरे चरण में महाराष्ट्र में और आधिक पीएसके स्थापित करने की घोषणा की थी और यदि हां, तो क्या सरकार ने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है;

(ग) यदि हां, तो उस्मानाबाद, परभणी और रामटेक जिलों में पीएसके की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त प्रयोजनार्थ महाराष्ट्र हेतु कोई निधि स्वीकृत की है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) इस संबंध में निर्धारित और प्राप्त किए गए लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) महाराष्ट्र में आठ (08) पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) और अड़तीस (38) डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) कार्यरत हैं। सूची क्रमशः अनुबंध I और II पर संलग्न है।

(ख) और (ग) सरकार ने तीसरे चरण में महाराष्ट्र अर्थात अकोला, अमरावती, बारामती, चंद्रपुर और मढ़ा में पांच पीओपीएसके की घोषणा की थी। अब सभी काम कर रहे हैं। तीनों संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों अर्थात उस्मानाबाद, परभणी और रामटेक जिले में पीओपीएसके कार्यात्मक हैं।

(घ) और (ङ) पीएसके और पीओपीएसके के लिए व्यय सीधे विदेश मंत्रालय के बजट से पूरा किया जाता

है, किसी राज्य विशेष के लिए कोई राशि निर्धारित किये बिना ।

पासपोर्ट प्राप्त करने में सरलता बढ़ाने और कठिनाई को कम करने के लिए, मंत्रालय ने डाक विभाग (डीओपी) के साथ मिलकर जनवरी, 2017 में प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में , प्रधान डाकघरों (एचपीओ)/डाकघरों (पीओ), जहां कोई पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) या डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) नहीं था, डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) खोलने की घोषणा की थी। महाराष्ट्र में 48 संसदीय (लोकसभा) निर्वाचन क्षेत्रों में से 38 पीओपीएसके और 8 पासपोर्ट सेवा केंद्र हैं, जो 44 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को कवर करते हैं। पीएसके खोलना एक सतत कार्य है और पासपोर्ट केंद्रों से दूरी और किसी विशेष क्षेत्र से आवेदनों की मात्रा सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।

अनुबंध I

27.11.2021 की स्थिति के अनुसार महाराष्ट्र में पीएसके की सूची			
क्रमांक	**पीएसके स्थान**	**राज्य**	**आरपीओ नाम**
1	अंधेरी	महाराष्ट्र	मुंबई
2	लोअर परेल	महाराष्ट्र	मुंबई
3	मलाड	महाराष्ट्र	मुंबई
4	नासिक II	महाराष्ट्र	मुंबई
5	ठाणे II	महाराष्ट्र	मुंबई
6	नागपुर	महाराष्ट्र	नागपुर
7	पुणे	महाराष्ट्र	पुणे
8	सोलापुर	महाराष्ट्र	पुणे

अनुबंध II

27.11.2021 के अनुसार महाराष्ट्र में पीओपीएसके की सूची			
1	औरंगाबाद	महाराष्ट्र	मुंबई
2	भिवंडी	महाराष्ट्र	मुंबई
3	भुसावल	महाराष्ट्र	मुंबई
4	दमन	महाराष्ट्र	मुंबई
5	धुले	महाराष्ट्र	मुंबई
6	डोंबिवली	महाराष्ट्र	मुंबई
7	जलगांव	महाराष्ट्र	मुंबई
8	राजापुर	महाराष्ट्र	मुंबई
9	सांतक्रूज	महाराष्ट्र	मुंबई
10	सिलवासा	महाराष्ट्र	मुंबई
1 1	सायन	महाराष्ट्र	मुंबई
12	वाशी	महाराष्ट्र	मुंबई
13	विक्रोली	महाराष्ट्र	मुंबई
14	अकोला	महाराष्ट्र	नागपुर
15	अमरावती	महाराष्ट्र	नागपुर
16	भंडारा	महाराष्ट्र	नागपुर
17	बुलढाणा	महाराष्ट्र	नागपुर
18	चंद्रपुर	महाराष्ट्र	नागपुर
19	गडचिरोली	महाराष्ट्र	नागपुर
20	हिंगोली	महाराष्ट्र	नागपुर
21	कटवाल	महाराष्ट्र	नागपुर
22	वर्धा	महाराष्ट्र	नागपुर

23	यवतमाल	महाराष्ट्र	नागपुर
24	अहमदनगर	महाराष्ट्र	पुणे
25	बारामती	महाराष्ट्र	पुणे
26	बीड	महाराष्ट्र	पुणे
27	इचलकरंजी	महाराष्ट्र	पुणे
28	जालना	महाराष्ट्र	पुणे
29	कोल्हापुर	महाराष्ट्र	पुणे
30	लातूर	महाराष्ट्र	पुणे
31	मढा	महाराष्ट्र	पुणे
32	नांदेड़	महाराष्ट्र	पुणे
33	उस्मानाबाद	महाराष्ट्र	पुणे
34	पंढरपुर	महाराष्ट्र	पुणे
35	परभणी	महाराष्ट्र	पुणे
36	पिंपरी चिंचवाड़	महाराष्ट्र	पुणे
37	सांगली	महाराष्ट्र	पुणे
38	सतारा	महाराष्ट्र	पुणे
39	शिरूर	महाराष्ट्र	पुणे
40	श्रीरामपुर	महाराष्ट्र	पुणे

***